समाहरणालय, पटना।
(शस्त्र शाखा)

फोन न0 0612–2219545
फैक्स न0–0612–22
Email : dampatnaarmssection@gmai
dm-patna.bih@

–: आदेश :–

28-11-2013

आवेदक **श्री बिजेन्द्र कुमार सिंह,** पिता–स्व0 राम चरित्र सिंह, सा0–आदर्श वि कॉलोनी, रूकुनपुरा, बेली रोड, पो0–बी0वी0 कॉलेज, थाना–रूपसपुर, जिला–पटना से प्राप्त एन0पी0बोर पिस्टल/रिवाल्वर शस्त्र अनुज्ञप्ति आवेदन–पत्र पर शस्त्र अनुज्ञप्ति वाद संख्य 09–176/2011 कायम करते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना से जाँच प्रतिवेदन प्राप्त सुनवाई की तिथि–28.11.2013 निर्धारित की गई।

पूर्व निर्धारित तिथि दिनांक–28.11.2013 को सुनवाई की गयी। सुनवाई के व्र में आवेदक के द्वारा उपस्थित होकर बताया गया कि वे ठीकेदार हैं एवं ईट भट्ठा का व्यवस करते हैं। तदोपरान्त उनके द्वारा अपने जान–माल की सुरक्षा हेतु शस्त्र अनुज्ञप्ति निर्गत कर का अनुरोध किया गया, परन्तु पूछने पर सुरक्षा भय के संबंध में कोई ठोस कारण नहीं बता गया।

वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना के पत्रांक–788/गो0, दिनांक–28.08.2011 द्वा आवेदक के शस्त्र अनुज्ञप्ति आवेदन पत्र को जाँचोपरान्त बिना अनुशंसा के मूल में आवश्य कार्रवाई हेतु भेजी गयी है। अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, दानापुर द्वारा थानाध्यक्ष, रूपसपुर ए पुलिस निरीक्षक, दानापुर अंचल के जाँच प्रतिवेदन में कोई विशिष्ट कारण अंकित नहीं रहने क कारण आवेदक का शस्त्र अनुज्ञप्ति आवेदन पत्र को अग्रसारित एवं अनुशंसा नहीं करते हु अग्रेतर कार्रवाई हेतु भेजी गयी है। थानाध्यक्ष, रूपसपुर द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि ठीकेदार हैं एवं ईट भट्टा का व्यवसाय करते हैं। तदोपरान्त आवेदक के जान–माल के सुरक्षाथ शस्त्र अनुज्ञप्ति निर्गत करने हेतु अनुरोध किया गया है, लेकिन आवेदक को विशेष सुरक्षा भय होने के संबंध में कोई विशेष तथ्य प्रतिवेदित नहीं किया गया है। थानाध्यक्ष द्वारा जाँच प्रतिवेदन की कंडिका–10 के सभी बिन्दुओं पर 'नहीं' प्रतिवेदित करने के बावजूद आवेदक को शस्त्र अनुज्ञप्ति निर्गत करने की अनुशंसा की गयी है, लेकिन इसके लिए कोई कारण नहीं बताया गया है।

शस्त्र अधिनियम 1959 की धारा 13 (2) एवं 13 (2A) में अंकित है कि "आवेदन की प्राप्ति पर, अनुज्ञापन प्राधिकारी उस आवेदन पर निकटतम पुलिस थाने के भारसाधक ऑफिसर की रिपोर्ट मंगवाएगा और ऐसा ऑफिसर अपनी रिपोर्ट विहित समय के भीतर भेजेगा। अनुज्ञापन प्राधिकारी ऐसी जांच, यदि कोई हो, करने के पश्चात्, जैसा वह आवश्यक समझे, और उप–धारा (2) के अधीन प्राप्त रिपोर्ट पर विचार करने के पश्चात् इस अध्याय के अन्य उपबन्धों के अधीन रहते हुए, लिखित आदेश द्वारा अनुज्ञप्ति या तो अनुदत्त करेगा या अनुदत्त करने से इन्कार करेगा :

परन्तु जहॉ निकटतम पुलिस थाने का भारसाधक ऑफिसर आवेदन पर विहित समय के भीतर अपनी रिपोर्ट नहीं भेजता है, वहॉ यदि अनुज्ञापन प्राधिकारी ठीक समझे तो वह विहित समय के अवसान के पश्चात्, उस रिपोर्ट की और प्रतीक्षा किए बिना ऐसा आदेश कर सकेगा।"

वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना से प्राप्त प्रतिवेदन, आवेदक के आवेदन एवं उनके द्वारा उपस्थित होकर रखे गये तथ्यों एवं अभिलेख पर संधारित कागजातों के सूक्ष्मता पूर्वक अवलोकन के पश्चात अधोहस्ताक्षरी इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि आवेदक को सुरक्षा के बिन्दु पर कोई विशेष सुरक्षा भय/खतरा नहीं है तथा उन्हें एक एन0पी0बोर पिस्टल/रिवाल्वर हेतु शस्त्र अनुज्ञप्ति निर्गत किए जाने का कोई यथेष्ट कारण नहीं है।

शस्त्र अधिनियम 1959 की धारा 13, शस्त्र नियम 1962 में निहित शक्तियों एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना से प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में सम्यक विचारोपरान्त आवेदक श्री बिजेन्द्र कुमार सिंह, पिता–स्व0 राम चरित्र सिंह, सा0–आदर्श विहार कॉलोनी, रूकुनपुरा, बेली रोड, पो0–बी0वी0 कॉलेज, थाना–रूपसपुर, जिला–पटना के आवेदित एक एन0पी0बोर पिस्टल/रिवाल्वर अनुज्ञप्ति आवेदन–पत्र को **अस्वीकृत** किया जाता है।

बाद की कार्रवाई समाप्त की जाती है।

लेखापित एवं संशोधित।

जिला दण्डाधिकारी,
पटना।

जिला दण्डाधिकारी,
पटना।